मासिक

# आजाद बोल

RNI No. - MPHIN/2020/79860

वर्ष : 5 अंक : 10 | इन्दौर, 15 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए

# पीएम मोदी का मणिपुर को संदेश: मैं आपके साथ खड़ा हूं, नई सुबह दूर नहीं!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में हुई हिंसा के बाद अपनी पहली मणिपुर यात्रा के दौरान शनिवार को मणिपुर के विभिन्न जातीय समूहों से हिंसा का त्याग करने और राज्य में शांति बहाल करने की दिशा में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 'आशा और विश्वास' का एक नया सवेरा उभर रहा है। चुराचनपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने जनता को केंद्र की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं सभी समूहों से अपने सपनों को साकार करने और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए शांति के मार्ग पर चलने की अपील करता हूँ। आज, मैं वादा करता हूँ कि मैं आपके साथ खड़ा हूँ। भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है। आज इम्फाल हवाई अड्डे पर पहुँचने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 60 किलोमीटर दूर चुराचांदपुर तक सड़क मार्ग से यात्रा करने का फैसला किया, क्योंकि हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचना



संभव नहीं था। चुराचांदपुर में, प्रधानमंत्री ने जातीय हिंसा में विस्थापित लोगों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की।

मौसम उनके लिए हेलीकॉप्टर से चुराचांदपुर जाने के अनुकूल नहीं था। भारी बारिश के बावजूद, प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुँचने का फैसला किया ताकि वे लोगों से बातचीत कर सकें, हालाँकि यह सड़क मार्ग से डेढ़ घंटे की दूरी पर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर हमेशा से आशाओं का प्रदेश रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से, यह हिंसा के एक कठिन दौर से गुज़रा है। मैंने शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उनसे बातचीत के बाद, मैं कह सकता हूँ कि उम्मीद और विश्वास की नई सुबह मणिपुर में दस्तक दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के कई जातीय समूहों के साथ हाल ही में हुए शांति समझौतों पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए शांति अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले 11 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई संघर्ष समाप्त हुए हैं। लोगों ने विकास को प्राथमिकता देते हुए शांति का मार्ग चुना है। मुझे खुशी है कि पहाड़ियों और घाटियों में कई समूहों के साथ समझौता वार्ता शुरू हो गई है। यह संवाद, सम्मान और आपसी समझ के साथ शांति स्थापित करने की सरकार की पहल का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'बेघर हुए लोगों के लिए हम 7,000 घर बनाने हेतु सहायता दे रहे हैं। 3,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की भी घोषणा की गई है।'

मई 2023 में राज्य में जातीय संघर्ष छिड़ने और मैतेई व कुकी समुदायों के बीच पिछले कुछ वर्षों से जारी मतभेद के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली यात्रा है। इस संघर्ष ने मणिपुर को स्थायी क्षति पहुँचाई है, इसकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाया है, सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न किया है और इसके राजनीतिक परिदृश्य को अस्थिर किया है। मणिपुर में सांस्कृतिक विविधता और विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता और जीवंतता भारत की एक बड़ी ताकत है। मणिपुर के नाम में ही 'मणि' (मोती) है। यही वह 'मणि' है जो भारत को चमकाएगी। भारत सरकार ने हमेशा मणिपुर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। कुछ समय पहले ही लगभग 7000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं से जनता और पहाड़ों में रहने वाले आदिवासी समुदायों का जीवन बेहतर होगा। इन परियोजनाओं से स्वास्थ्य और शिक्षा की नई सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। मैं इन परियोजनाओं के लिए जनता को बधाई देता हूँ।'

## वोट चोरी पर भविष्य में और भी विस्फोटक सबूत पेश करेंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वोट चोरी के अपने आरोपों को दोहराते हुए दावा किया कि भविष्य में वह इस संबंध में और भी डायनेमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत पेश करेंगे।



विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गांधी ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक और व्हाइट सबूत दिए हैं। आने वाले समय में, हम और भी डायनेमिक सबूत देंगे।कांग्रेस सांसद ने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा अब पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कहा, हम आपको दिखाएंगे, भारत के युवाओं, सुनो, यही सच्चाई है और चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं।गांधी ने संवाददाताओं से कहा, हम गारंटी देते हैं कि हम आपको सबूत देंगे। कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, भाजपा नेता जो उत्तेजित हो रहे हैं, उत्तेजित मत होइए। जब हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब कुछ साफ हो जाएगा।राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की।

## मंजूर नहीं पुरानी रिपोर्ट, कर्नाटक में 22 सितंबर से नई जाति जनगणना का एलान

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की कि राज्य में नए सिरे से 'जाति जनगणना' कराई जाएगी। यह प्रक्रिया 22 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच होगी और इसकी अनुमानित लागत 420 करोड़ रुपये होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि जाति जनगणना के लिए तैयार प्रश्नावली में 60 प्रश्न होंगे और पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से संचालित की जाएगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर को पोस्ट किया राज्य में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण कार्य 22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। 2015 में आयोग के अध्यक्ष रहे कांतराज ने रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। चूंकि कांतराज द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए 10 वर्ष बीत चुके हैं, इसलिए एक नए सर्वेक्षण का निर्णय लिया गया है, और यह कार्य अब स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा किया जा रहा है।



सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण से कर्नाटक के 7 करोड़ लोगों की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का विवरण सामने आएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 1,75,000 शिक्षकों का उपयोग किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक को 20,000 रुपये तक का पारिश्रमिक मिलेगा। यह मुख्य लागत घटक है, जिसकी राशि लगभग 325 करोड़ रुपये है। कुल मिलाकर, सर्वेक्षण के लिए 420 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, और ज़रूरत पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। 12 जून को कर्नाटक मंत्रिमंडल ने एक नए सर्वेक्षण को मंजूरी दी, जिससे 2015 में किए गए सर्वेक्षण को प्रभावी रूप से रद्द कर दिया गया। यह कदम कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 की धारा 11(1) पर आधारित था, जिसके अनुसार पिछड़े वर्गों की सूची की हर दस साल में समीक्षा की जानी आवश्यक है।

यह निर्णय पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा कुछ समुदायों की शिकायतों के बाद एक नए जाति-आधारित सर्वेक्षण की मांग के बाद आया है, जो महसूस कर रहे थे कि उन्हें पिछली रिपोर्ट से बाहर रखा गया था। कई समूहों, विशेष रूप से प्रमुख वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदायों ने 2015 के सर्वेक्षण की आलोचना करते हुए इसे त्रुटिपूर्ण बताया था और अधिक सटीक और अद्यतन गणना की मांग की थी।

## बिहार की सियासत में तेजस्वी का बड़ा दांव, 'अधिकार यात्रा' से साधेंगे 2025 का लक्ष्य

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक नए जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने वाले हैं।



उनकी बिहार अधिकार यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी, जो पाँच दिनों में 10 जिलों से होकर गुज़रेगी। इस यात्रा के दौरान, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले कई निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ेंगे। राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, संबंधित जिलों के पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और नेताओं को इस अभियान में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। नियोजित मार्ग तेजस्वी को जहानाबाद से नालंदा, पटना, बेगुसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर होते हुए वैशाली तक ले जाएगा। यह पहल पिछले महीने हुई मतदाता अधिकार यात्रा के बाद की गई है, जिसमें यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मतदाता सूची संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रचार करने के लिए शामिल हुए थे। यह 15 दिवसीय यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और 1 सितंबर को पटना में समाप्त हुई, जिसमें 20 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की गई।

# 42 एकड़ का जंगल बचाने की याचिका खारिज, हाई कोर्ट ने कहा कि जमीन के सौदे के समय यह मामला क्यों नहीं उठाया

## कोर्ट ने यह भी कहा कि वहां पेड़ नहीं, सिर्फ झाड़ियां ही





**इंदौर।** हुकुमचंद मिल की 42 एकड़ जमीन के प्राकृतिक जंगल को बचाने के लिए दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने कहा कि यहां पेड़ नहीं बल्कि झाड़ियां हैं। साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से यह भी कहा है कि जब एमपी हाउसिंग बोर्ड ने 450 करोड़ रुपए में जमीन खरीदी तब यह मामला क्यों नहीं उठाया गया।

वकील अभिनव धनोतकर ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि वहां पर पेड़ नहीं हैं, झाड़ियां हैं। यह भी कहा कि सरकार जल्द ही कनाडिया में एक लाख पौधे लगाने वाली है। इससे यहां पर कटने वाली झाड़ियों की भरपाई हो जाएगी। इंदौर की हुकुमचंद मिल की 42 एकड़ जमीन पर प्राकृतिक जंगल को बचाने के लिए पर्यावरणविद डॉ ओमप्रकाश जोशी और सामाजिक कार्यकर्ता अजय लागू ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि इस इलाके में लगभग 30 हजार पेड़ पिछले तीन दशकों में प्राकृतिक रूप से विकसित हुए हैं, जिन्हें काटकर व्यवसायिक और आवासीय टावर बनाने की योजना बनाई जा रही है।

जनहित याचिका में कहा था कि हुकुमचंद मिल 1992 में बंद होने के बाद से बेकार पड़ी थी। 30 साल में यह जमीन एक घने जंगल में बदल गई। जहां विभिन्न प्रकार के पेड़, पक्षी और जीव-जंतु रहते हैं। इसे इंदौर का लंग्स कहा जा सकता है, जो पॉल्यूशन और बढ़ते तापमान के बीच शहर को ऑक्सीजन और ठंडक देता है।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि मध्यप्रदेश हाउसिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने इस जमीन को व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए नीलाम करने और यहां मॉल, होटल और आवासीय टावर बनाने के लिए कई टेंडर और विज्ञापन जारी किए। 25 फरवरी 2025 को भोपाल में निवेशकों की बैठक भी आयोजित की गई। याचिका में यह भी उल्लेख है कि नगर निगम के उद्यान विभाग ने स्पष्ट किया है कि पेड़ काटने के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद, बिना अनुमति के जंगल उजाड़? की कार्रवाई शुरू की गई।

**अदालत ने सिटी फॉरेस्ट का तर्क नहीं माना-** हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हुकुमचंद मिल 1992 से बंद है। मजदूरों सहित सभी बकाया का भुगतान इस राशि से किया जा चुका है। अधिग्रहण के समय किसी भी याचिकाकर्ता ने आपत्ति दर्ज नहीं की, ऐसे में अब वर्षों बाद विकास पर रोक लगाने का कोई औचित्य नहीं बनता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वन अधिनियम में 'सिटी फॉरेस्टऽ जैसी कोई अवधारणा नहीं है। राज्य शासन पहले ही कनाडिया क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाकर सिटी फॉरेस्ट विकसित कर रहा है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हाउसिंग बोर्ड की ई-निविदा केवल झाड़ियों और झाड़-झंखाड़ हटाने के लिए जारी की गई है, उसमें कहीं भी पेड़ों की कटाई का उल्लेख नहीं है। इस प्रकरण में शासन का पक्ष अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने रखा।

# हाईकोर्ट ने एमवाय अस्पताल के चूहा कांड पर सरकार से जवाब मांगा

### 5 दिन का अल्टीमेटम, 15 सितंबर तक स्टेट्स रिपोर्ट मांगी



**इंदौर।** हाई कोर्ट ने एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने से हुई दो नवजात की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। इस मामले में 15 दिन बाद भी कठोर कार्रवाई नहीं होने पर सरकार ने हाईकोर्ट को नोटिस दिया। मामले की स्टेटस रिपोर्ट 15 सितंबर तक मांगी है।

हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। वहीं हाईकोर्ट के नोटिस के बाद अस्पताल डॉ अशोक यादव खुद को बीमार बताते हुए 11 से 25 सितंबर तक छुट्टी पर चले गए। इस मामले में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति जेके पिल्लई की युगल पीठ ने इस मामले को नवजातों के मौलिक अधिकारों और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सफाई और पेस्ट कंट्रोल करने वाली निजी कंपनी एजाइल सिक्योरिटी के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जबकि कंपनी की लापरवाही के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। हाईकोर्ट ने लोक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रमुख सचिव को हटाने को निर्देश दिए हैं। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ बृजेश लाहोटी को पद से हटा दिया। प्रभारी एचओडी डॉ मनोज जोशी को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने दबाने की कोशिश की। अधिकारियों ने दावा किया कि नवजातों की मौत गंभीर बीमारी के कारण हुई है, न कि चूहों के काटने से. उनका कहना था कि बच्चों के अंग पूरी तरह से विकसित नहीं थे।

**कलेक्टर, कमिश्नर गुमराह हुए-** नवजात की मौत को लेकर दंपति को भी गलत जानकारी दी गई. तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह और मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर तरुण राठी को भी गलत फीडबैक देकर गुमराह किया गया कि पोस्टमार्टम हो गया है. साथ ही इस रिपोर्ट में चूहे के काटने का जिक्र नहीं है. इसी आधार पर अधिकारियों ने मीडिया को जानकारी दी, जो कि गलत थी।





# पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने निभाया वादा

### छात्रों और दिव्यांग क्रिकेट टीम को मिली मदद

**इंदौर।** जिले के पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने विदाई के समय भी अपने वादों को निभाते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया। नवागत कलेक्टर शिवम वर्मा को चार्ज देने से पहले आशीष सिंह ने उन मामलों पर अंतिम हस्ताक्षर किए, जिनमें उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मदद का आश्वासन दिया था।

इनमें एक मामला एक प्रतिभाशाली छात्र का था,जिसे बीटेक में वैष्णव इंस्टिट्यूट में प्रवेश मिला है। उसके पिता कैंसर पीडित् हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। छात्र कॉलेज की पढ़ाई के लिए आवश्यक लैपटॉप खरीदने में सक्षम नहीं था। जब उसने अपनी समस्या कलेक्टर आशीष सिंह को बताई,तो उन्होंने तत्काल आश्वासन देते हुए आवेदन पर निर्देश लिखा कि छात्र को बेहतरीन लैपटॉप उपलब्ध कराया जाए। नवागत कलेक्टर शिवम वर्मा ने उक्त छात्र को एचपी कंपनी का लैपटॉप प्रदान किया।

इसी तरह, आशीष सिंह ने मप्र की दिव्यांग क्रिकेट टीम से वादा किया था कि अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए उन्हें आधुनिक क्रिकेट किट दी जाएगी। उनके उज्जैन ट्रांसफर के बाद यह जिम्मेदारी भी पूरी करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने खिलाड़ियों को किट वितरित की।पूर्व कलेक्टर की इस कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि संवेदनशील प्रशासनिक अधिकारी जनता की छोटी-बड़ी जरूरतों को भी प्राथमिकता देते हैं। नागरिकों के प्रति निभाई गई यह जिम्मेदारी प्रशासनिक सेवा में मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है।

# 12 साल पहले की वारदात, अब मिली तीन-तीन माह की सजा

**इंदौर।** गुटखा नहीं देने पर 12 साल पहले दुकानदार को आरोपी युवक ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। मामले में सुनवाई के बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता अग्रवाल ने आरोपी पंकज पिता हरिकिशन अजमेरा निवासी कुलकर्णी का भट्टा को धारा 427 व 324 में 3-3 माह का सश्रम कारावास एवं 3000-3000 रुपए अर्थदण्ड दिया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रीना राठौर ने की। अभियोजन के अनुसार, 29 मई 2013 को फरियादी ने थाना परदेशीपुरा पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह उसकी दुकान पर बैठा था। तभी आरोपी वहां आया और विमल गुटखा (पाउच) मांगने लगा। जब मैंने गुटखा के पैसे मांगे तो वह गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर दुकान में तोड़फोड़ कर बाएं हाथ पर चाकू मार दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान घटनास्थल का मौका नक्शा बनाया गया। साक्षीगण के कथन लेने के बाद चालान पेश किया था। कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश किए गए चालान, साक्ष्य को विश्वसनीय मानते हुए ये फैसला सुनाया।

# राऊ पुलिस ने खोजे 12 गुम मोबाइल, धारकों को किए सुपुर्द



**इन्दौर।** राऊ पुलिस ने गुम हुए 12 मोबाइल फोन, जिनमें 2 आईफोन भी शामिल हैं, बरामद कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइल की कुल कीमत लगभग चार लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और डीसीपी जोन-01 कृष्ण लाल चंदानी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। एडीसीपी आलोक कुमार शर्मा व एसीपी गांधीनगर निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राऊ राजपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल सर्च किए।इस सफलता में प्रधान आरक्षक बलराम चौहान, अजय चौहान,निलेश सुरालकर,आरक्षक लोकेश धाकड़,देवेंद्र अंब और निर्मल सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही। पुलिस की इस कार्रवाई से मोबाइल धारकों ने राहत की सांस ली और टीम के प्रयासों की सराहना की।






# 'नोशाद फाउंडेशन की अवार्ड सेरेमनी सम्पन्न'

**इंदौर :** जाल सभागृह का सभागार और परिसर इन्दौर शहर और पास-पड़ोस के क़स्बों के टैलेंटेड बच्चों की चहचहाहट से गुंजायमान था। अवसर था नोशाद फाउंडेशन इन्दौर द्वारा गत वर्ष एमपी बोर्ड की कक्षा-5th, 8th, और 10th में अध्ययनरत प्रतिभाशाली बच्चों को अवार्ड देने हेतु आयोजित भव्य पुरुस्कार वितरण का।

ज्ञातव्य है कि गुज़िश्ता दिनों स्थानीय नोशाद फाउंडेशन ने लिखित परीक्षा के माध्यम से उपरोक्त प्रत्येक कक्षाओं में से 3-3 प्रतिभाशाली बच्चों का सिलेक्शन किया था। समारोह में फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक बच्चे को उसके स्कूल की साल भर की ट्यूशन फ़ीस और भव्य ट्रॉफी से नवाज़ा गया।

इसके अतिरिक्त एक बच्ची को सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस के लिए ओवर ऑल टॉपर की विशेष ट्रॉफी प्रदान की गई।

**पुरुस्कृत बच्चों के नाम इस प्रकार थे-**

**क्लास-5th-**

1-आमिर अबरार अहमद
2-उस्मान बिलाल शेख
3-सादिया रेहान खान

क्लास-8th-

1-अल्फिया समीर खान
2-आफ़िया नोशाद देहलवी
3-सूफिया साज़िद खान

क्लास-10-

1-फिरदौस हाफिज खान
2-अक्सा मौलाना नज़मुद्दीन
3-फिरदौस वसीम अंसारी

**ओवर ऑल टॉपर विशेष पुरुस्कार-**

**1-अनाबिया इसरारुल हसन**

फाउंडेशन द्वारा परीक्षा में शामिल हुए सभी बच्चों को प्रोत्साहन हेतु स्कूल बेग़ और सर्टिफ़िकेट भी दिए गए।इस अभिनव पुरुस्कार वितरण समारोह में म प्र वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन सनव्वर पटेल, शहर काज़ी इशरत अली,समाजवादी विचारक सुभाष खंडेलवाल, समाज सेवी मकसूद गौरी,डॉक्टर मोहम्मद अली,वरिष्ठ पत्रकार हिदायतुल्लाह खान और कवि पंकज दीक्षित अतिथियों के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों को आइंदा ज़िन्दग़ी में कामयाबी हेतु टिप्स दिए।

सनव्वर पटेल अध्यक्ष वक़्फ़ बोर्ड ने बच्चों के लाभार्थ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का ज़िक्र करते हुए उनसे इनका लाभ उठाने की अपील की और शिक्षण के दौरान किसी भी कठिनाई हेतु उन्हें हल करने का वादा किया।

शहर काज़ी साहब ने बच्चों के बेहतर मुस्तक़बिल हेतु दुआ की।

मकसूद गौरी साहब ने अपनी ज़िंदगी की जद्दोज़हद और कामयाबी की दास्तान बताते हुए बच्चों को कहा कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी का कोई विकल्प नहीं है।

डॉक्टर मोहम्मद अली ने बच्चों को स्वस्थ और बेहतरीन नागरिक बनने के टिप्स दिए।

सुभाष खंडेलवाल ने बच्चों को हमेशा हर फील्ड में अव्वल रहने के टिप्स दिए उन्होंने कहा कि बच्चे सेक्युलर रहें और हमेशा दीन-दुखियों की मदद करें। कवि पंकज दीक्षित ने बच्चों को देश के विकास हेतु जुट जाने का आव्हान किया।

स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम का आगाज़ डॉक्टर मोहम्मद अली साहब ने कुरआन पाक़ की तिलावत से किया। अतिथि परिचय समीर खान और स्वागत भाषण पत्रकार सैयद जाफर अली ने दिया।सभी अतिथियों का नोशाद फाउंडेशन की ज़ानिब से मज़हर हुसैन बंदूक वाला,मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़,हसीब काज़ी एडवोकेट,मोहम्मद इमरान,मोहसिन भाई,रिज़वान,दिलशाद ने गुलदस्ता, शॉल और खजूर पैकेट दे कर इस्तक़बाल किया। अतिथियों ने बच्चों को ट्यूशन फ़ीस और ट्रॉफी प्रदान कर पुरूस्कृत किया।कार्यक्रम का प्रभावी और सरस संचालन पत्रकार द्वय आदिल सईद और जावेद आलम ने किया।आभार रिज़वान खान ने व्यक्त किया।

यह जानकारी देते हुए नोशाद फाउंडेशन के वालिंटियर मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़ ने बताया कि प्रोग्राम में परीक्षा में शामिल सभी बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ उपस्थित थे इनमें बड़ी संख्या में बच्चियों और उनकी माताओं की मौजूदगी समाज में बड़े बदलाव का सुबूत थी यह भी इंगित हो रहा था कि बच्चियों और ख़ातूनों ने अब एजुकेशन को टॉप प्रायरटी पर रखा है। नोशाद फाउंडेशन के आदिल सईद और मज़हर हुसैन बन्दूकवाला ने कहा कि नोशाद फाउंडेशन भविष्य में भी बच्चों के टोटल डेवलपमेंट हेतु प्रतिबध्द रहेगा।










# के ई एस के 'यौम-ए-असातिज़ा' के भव्य प्रोग्राम ने फिर रचा इतिहास

'कोशिशों को मिली जब कामयाबी की आस, सपनों के पंखों पर उड़ी हर एक साँस।' आज खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी द्वारा आयोजित टीचर्स डे के उपलक्ष्य में 'यौम-ए-असातिज़ा' का भव्य प्रोग्राम 'द ग्रैंड ट्रेडिशन गार्डन' बाईपास पर आयोजित किया गया। प्रोग्राम की भव्यता का अंदाज़ा इस बात से लगा सकते है की पूरा हॉल खचा खच भरा हुआ था और टीचर्स अपनी सीट पर आखरी़ वक़्त तक डटी रही। इस बार का प्रोग्राम खास इसलिए भी रहा क्योकि शिक्षा विभाग के आला अधिकारी मेहमाने खुसूसी थे जो पूरे समय प्रोग्राम में मौजूद रहे। प्रोग्राम में खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी के स्कूलों की लगभग 300 टीचर्स ने भाग लिया। सभी टीचर्स को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि शिक्षा विभाग से संयुक्त संचालक अनिता चौहान मैडम, डी.पी.सी. संजय मिश्र बी.आर.सी. राकेश तंवर थाना खजराना टीआई मनोज सिंह सेंधव वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी आदिल सईद




साहब, एमपी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से गोपाल सोनी माइनॉरिटी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष याकूब मैनन साहब, आज़ाद नगर एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष मुश्ताक सर, हाफिज सर, इमरान नियाज़ी व खजराना व्यापारी एसोसिएशन के सदस्य विशेष रूप से मौजूद थे। सभी की गरिमय उपस्थिति में भव्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का मोमेंटो देकर सम्मान किया। अतिथियों ने अपने भाषण से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, टीचर्स को अपने कर्तव्य के बारे में बताया कैसे एक टीचर बच्चो को एक अच्छा इंसान बनाने और दुनियावी तालीम देने में अहम भूमिका निभाती है। इस सफल आयोजन के लिए सीईओ शिक्षा विभाग श्सिद्धार्थ जैन साहब व डीईओ शिक्षा विभाग श्शांता स्वामी ने खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी के सभी मेंबर्स की बधाई दी है। कार्यक्रम का संचालन सलमान हाशमी ने किया। इस मौके पर खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी के हाजी अंसार पटेल, डॉ अनीस कुरैशी, मोमिन पटेल, तस्लीमुद्दीन शेख, इरफान खा़न, सहाब खा़न, मुनव्वर खा़न विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया।







# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु आई.के. सोसायटी को सम्मान

**इंदौर।** इस्लामिया करीमिया (आई.के.) सोसायटी प्रबंधन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नौशाद फाउंडेशन, इंदौर द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंदौर के जल सभा गृह में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान आई.के. सोसायटी के निरंतर शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना है। वर्षों से सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थान हज़ारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्ति पर सोसायटी प्रबंधन ने सभी प्राचार्यों, शिक्षकों और स्टाफ़ का आभार व्यक्त किया, जिनकी निष्ठा और परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हो सकी। प्रबंधन ने कहा, 'यह सम्मान प्रत्येक शिक्षक और स्टाफ सदस्य को समर्पित है, जो भावी पीढ़ियों को शिक्षित, प्रेरित और समाज को आगे बढ़ाने में निरंतर कार्यरत हैं।'





समारोह में इंदौर के अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।





# स्टेट प्रेस क्लब के संवाद कार्यक्रम में देश की लोकप्रिय एंकर ने कहा ब्रेक पर हूँ मैं, शीघ्र ही नई भूमिका दिखेगी

## टीवी न्यूज़ से निराशा हो भी तो उसे छोड़ना ठीक नहीं : निधि कुलपति

**इंदौर।** न्यूज़ मीडिया के सामने अपनी स्वतंत्रता और आवाज़ बचाए रखने की चुनौती हमेशा रही है। प्रेस इंडेक्स में भारत का निचले पायदान पर रहना एक बंधन का प्रतीक है, जिसे मीडिया को पार करना है। ये बात स्टेट प्रेस क्लब के संवाद कार्यक्रम में देश की सबसे लोकप्रिय एंकरों में अग्रणी सुश्री निधि कुलपति ने कही।

टीवी न्यूज़ की वर्तमान स्थिति से आम जनता की निराशा और असंतुष्टि को सुश्री निधि कुलपति स्वीकारती भी हैं और इसे वाजिब भी मानती हैं। लेकिन, वे आशावादी भी हैं और दर्शकों से अपील करती हैं कि टीवी न्यूज़ को छोड़ें नहीं। वे सवाल करती हैं कि किसी को घाव हो जाए तो उसका ईलाज किया जाता है या उसे उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है सारे टीवी न्यूज़ जगत को नकारना गलत है क्योंकि कुछ पत्रकार अभी सही पत्रकारिता कर रहे हैं। मुश्किल के साथ अच्छा काम करने में लगें पत्रकारों का साथ देना दर्शकों का और जनता का फ़र्ज़ है।

वे ईमानदारी से स्वीकारती है कि देश का प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में बहुत नीचे होना एक चुनौती है। ऐसी चुनौती अभी बढ़ी अवश्य है लेकिन रही हर दौर में है। इससे पार पाना पत्रकार का धर्म है। वे पुनः आशावाद दिखाते हुए कहती हैं कि पत्रकार एक रास्ते में अड़चन आने पर दूसरी राह खोल लेते हैं। आज सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनलों के प्रति भरोसा बढ़ना और लोकप्रियता बढ़ना इसी का प्रतीक है। मई 2025 में, 'ये मेरा आखिरी बुलेटिन है' कहकर पूरे देश को भावुक करने वाली सुश्री निधि कुलपति ने संवाद कार्यक्रम में खुशखबरी दी कि वे ब्रेक पर हैं, मीडिया से दूर नहीं हुई हैं। वे नई भूमिका की तलाश में हैं और अपना यूट्यूब चैनल प्रारंभ करने समेत अन्य विकल्पों का आकलन कर रही हैं। अपनी स्टडीज़ पूरी करने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होंने एम.फ़िल. की उपाधि प्राप्त कर ली है और अब पीएचडी करने में लगी हैं। वे शीघ्र ही अपने शुभचिंतकों के साथ विचार मंथन कर नई भूमिका में मीडिया से जुड़ेंगी।

सुश्री कुलपति सगर्व मध्यप्रदेश से अपना नाता बताती हैं कि उनके पिता श्री दमोह में ही जन्में तथा एम्स की पहली बैच के एमडी थे। विश्वविद्यालय में टॉपर के नाते उनका नाम बोर्ड पर उल्लेखित रहा, जिसका उन्हें गर्व रहा। उनके दादाजी श्री रतनलाल जी दमोह के प्रतिष्ठित नागरिक रहे हैं।

संवाद कार्यक्रम के प्रथम चरण में वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेंद्र कोपरगांवकर, श्री घनश्याम पटेल, श्रीमती रचना जौहरी, सुश्री सोनाली यादव, श्रीमती मीना राणा शाह, श्री संजय मेहता ने सुश्री निधि कुलपति का स्वागत किया। स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्टूनिस्ट श्री कुमार लाहोटी ने उन्हें उनका कैरीकेचर भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रश्नों का जिम्मा श्री आलोक बाजपेयी के पास था।



### 21 दिन में 21 करोड़ का लोन

# आस्था फाउंडेशन के कर्ताधर्ताओं पर ईओडब्ल्यू में केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर की आस्था फाउंडेशन सोसायटी के कर्ताधर्ताओं पर भोपाल ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। सदस्यों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चार बैंकों से 21 दिन में 21 करोड़ रुपए का लोन लिया था।

कर्ताधर्ता एलएनसीटी कॉलेज के डायरेक्टर भी हैं। संस्था के खिलाफ पूर्व में लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में विजयनगर इंदौर निवासी अनिल संघवी ने शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। शिकायत के बाद जय नारायण चौकसे, अनुपम चौकसे, धर्मेंद्र गुप्ता, श्वेता चौकसे, पूनम चौकसे, पूजा चौकसे, आशीष जायसवाल समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी आस्था फाउंडेशन फॉर सोसाइटी के पदाधिकारी हैं। उन्होंने ट्रस्ट बनाकर फजीर्वाड़ा कर आर्थिक लाभ लिया है। सोसायटी का गठन शैक्षणिक गतिविधियों, अस्पताल और अन्य सामाजिक सेवाओं के संचालन के लिए किया गया था, लेकिन इसका दुरुपयोग हुआ। सोसाइटी ने एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और यूके बैंक से लोन लिया, जिसे अलग-अलग गतिविधियों में लगाया गया। इसी संस्था से जुड़े कॉलेज के लिए एसबीआई बैंक से 12 करोड़ का लोन भी लिया गया। इन सबके लिए फर्जी खर्चों के बिल लगाए गए।

परिवारजनों को लाभ, करोड़ों की हानि

सोसायटी से जुड़ी अन्य इकाइयां जैसे मेसर्स कल्चुरी कांट्रेक्ट लिमिटेड, सेफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में सोसायटी पदाधिकारियों ने अपने परिवार के सदस्यों को अनुचित लाभ पहुंचाया। इससे सोसायटी को करीब 8.22 करोड़ रुपए की हानि हुई। इसके साथ ही कई संस्थानों में करोड़ों के लेनदेन में वित्तीय अनियमितताएं की गईं।

# CRIME

## बड़ा हादसा टला : कार-बस में भिड़न्त

**इंदौर।** राऊ सर्किल क्षेत्र में गुरुवार सुबह इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी) की बस और कार आमने-सामने भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बस डिवाइडर पर चढ़ गई और फिर नीचे उतर गई। हादसे में बस में सवार कॉलेज के छात्रों को मामूली चोटें आई हैं, वहीं कार में बैठे चार लोग एयरबैग खुलने की वजह से सुरक्षित हैं। कार सवार लोग भोपाल के हैं और पर्यटक जाम गेट से लौट रहे थे। हादसे के बाद दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर ट्रैफिक को सुचारू किया गया।

## मामला दर्ज होते ही एक्टर एजाज खान ने दी सफाई

**इंदौर।** गैंगस्टर सलमान लाला की मौत पर एक्टर एजाज खान ने भड़काऊ वीडियो वायरल किया था। वायरल वीडियो को आधार बताकर क्राइम ब्रांच ने लाला के दोस्त की शिकायत पर एजाज के खिलाफ केस दर्ज किया था। केस दर्ज होते ही एजाज ने अपनी सफाई दी। उसने वीडियो वायरल करते हुए बताया कि मेरा वीडियो गलत है, इसे मैंने डिलीट कर दिया है। वहीं इंदौर पुलिस की प्रशंसा की है। उधर, पुलिस ने सलमान लाला के कई सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है।

## जिलाबदर आरोपी पकड़ाया

**इंदौर।** जिलाबदर बदमाशों और उनकी अपराधिक गतिविधियों पर पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। इसी क्रम में महू पुलिस ने नीरज पिता राजेंद्र सेन निवासी गुजरखेड़ा को कलेक्टर के आदेश पर पिछले दिनों 6 माह के लिए इंदौर एवं आसपास सीमावर्ती जिलों से बाहर रहने का आदेश किया था। बदमाश जिलाबदर अवधि में अपने घर के बाहर तांगाखाना क्षेत्र में घुम रहा था, तभी महू पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई।

## 10 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, बड़े गिरोह का खुलासा होने की संभावना

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 61 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर इंदौर आने वाला है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में घेराबंदी की गई और संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीर शेख बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 61 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह ड्रग्स मंदसौर से लेकर आया था। पुलिस अब उससे जुड़े अन्य तस्करों की जानकारी जुटा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ के बाद बड़े ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

# अन्तर्राज्यीय चरस तस्कर गिरफ्तार, 2.241 किलोग्राम चरस बरामद, आरोपी पर है कई आपराधिक प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच इंदौर ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर चरस की तस्करी करने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने आरोपी साकिर हुसैन (60 वर्ष), निवासी-सेक्टर ई-244, चंदन नगर को पकड़कर उसके कब्जे से 2.241 किलोग्राम चरस बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 30 से 50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम बताई जा रही है। गुप्त सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने पोलो ग्राउंड पुल, एमआर-4 रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम साकिर हुसैन बताया। तलाशी में उसके पास भारी मात्रा में चरस मिली। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह विभिन्न राज्यों से सस्ते दामों में चरस खरीदकर इंदौर में महंगे दामों पर बेचता था।





पुलिस जांच से पता चला कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में शराब तस्करी, मारपीट और मादक पदार्थों की तस्करी सहित एक दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। इतना ही नहीं, गांजा तस्करी के दो मामलों में वह पहले भी जेल की सजा काट चुका है।फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की भी तलाश कर रही है।

# चार्जशीट लेने मृतक के भाई राजा ने वकील के माध्यम से लगाया आवेदन




**इन्दौर।** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में शिलांग पुलिस ने पिछले सप्ताह कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। इस चार्जशीट की छायाप्रति लेने मृतक राजा का भाई विपिन शिलांग पहुंचा है। उसने अपने वकील के माध्यम से आवेदन लगाया है। विपिन का कहना है कि हमें इस केस की हर तरह की जानकारी मिले, इसलिए चार्जशीट पढना चाहते हैं। इस मामले में मृतक राजा की पत्नी सोनम, उसका कथित प्रेमी राज कुशवाह, आकाश सिंह राजपूत, विशाल और आनंद कुर्मी जेल में हैं। चार्जशीट पेश होने के दूसरे दिन ही आरोपियों की ओर से जमानत याचिका दायर की गई थी, कोर्ट से जमानत नहीं हो पाई। जबकि आरोपियों की मदद करने वाले और सबूत मिटाने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स, बिल्डर्स लोकेन्द्रसिंह तोमर और सुरक्षाकर्मी बल्लू उर्फ बलवीर को जमानत मिल चुकी है।



**हम जांच से पूरी तरह संतुष्ट-**शिलांग पहुंचे विपिन ने कहा कि वे शिलांग पुलिस की जांच से पूरी तरह संतुष्ट हैं, लेकिन हम जानना चाहते हैं कि आरोपियों पर कौनसी धारा लगाई गई है और किस पर चार्जशीट में क्या आरोप तय किए गए हैं। इस केस से चार वकील जुड़े हैं। तीन वकीलों के अलावा एक वकील राजा रघुवंशी के परिवार ने हायर किया है। पहले दूसरा वकील इस केस से जुड़ा था, लेकिन तीनों आरोपियों की जमानत होने के बाद वकील बदल दिया गया।

## 112 एफआरवी पर आ रही शिकायतों को हो रहा है त्वरित निराकरण

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर संतोषसिंह ने कुछ दिन पहले सभी थानों को आधुनिक संसाधनों से लैस डायल 112 एफआरवी वाहन उपलब्ध कराया था। इस वाहन पर आई शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। दो दिन पहले सीनियर सिटीजन ने घर के सामने वाहन खड़े होने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसका निराकरण किया। सहायक पुलिस आयुक्त कुन्दन मण्डलोई एवं तिलक नगर टीआई मनीष लोधा एफआरवी स्टाफ विनोद सक्सेना के साथ इलाका में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं तिलक नगर एक्सटेंशन से वरिष्ठ नागरिक चंद्रप्रकाश शर्मा बोल रहा हूं। मेरे घर के आगे मोहल्ले के अन्य लोग बेतरतीब ढंग से गाडियां खड़ी कर देते हैं जिससे मुझे परेशानी होती है। शिकायत पर पुलिस तत्काल पहुंची और शिकायतकर्ता से बात कर तुरंत मोहल्ले के लोगों की गाडियां हटवाकर चेतावनी दी गई की आइंदा उनके घर के सामने गाडियां ना लगाएं और उनको कोई असुविधा न हो।

## ये भी गजब : छोटा हाथी पर सवार 50 महिलाएं

**इंदौर।** सांवेर रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने छोटा हाथी लोडिंग वाहन में 50 महिलाओं को ठूंस-ठूंसकर भरकर ले जाते हुए पकड़ा। चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर थाने भेजा गया। घटना लवकुश चौराहा क्षेत्र की है, जहां एसआई सुमित बिलोनिया अपने स्टाफ के साथ ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान मालवाहक छोटा हाथी वाहन एमपी-09-डीएम-8070 तेज गति से गुजर रहा था। वाहन में कई महिलाएं खड़ी दिखाई दी, जिस पर एसआई ने उसे रोकने के आदेश दिए। जब वाहन रोका गया और महिलाओं को बाहर निकाला गया तो एसआई और उनकी टीम चौंक गए। वाहन में महिलाएं सवार थी, जिनमें से कई खड़ी हुई थीं। इसके बाद एसआई ने ड्राइवर को बाहर निकालकर कड़ी फटकार लगाई। एसआई ने बताया कि यह लोडिंग वाहन निजी था और उसमें सवार महिलाएं सुपर कॉरिडोर स्थित नोटी फूट चॉकलेट कंपनी में काम करने जा रही थीं। पूछताछ में ड्राइवर ने स्वीकार किया कि वह हर दिन इसी तरह से महिलाओं को लाता-ले जाता है। इसके बाद महिलाओं को दूसरे वाहनों से कंपनी तक भेजा गया।

# छात्र का शव फंदे पर लटका मिला

**इंदौर।** अज्ञात कारणों के चलते जीएसआईटीएस कॉलेज से बीई की पढ़ाई कर रहे छात्र ने बुधवार को अपने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना तब सामने आई जब दोपहर से शाम तक छात्र ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उसके दोस्तों और होस्टल स्टाफ ने मिलकर दरवाजा तोड़ा। मृतक की पहचान अमन वर्मा (20) के रूप में हुई है, जो अनूपपुर जिले का रहने वाला था।



तुकोगंज पुलिस ने बताया कि वह वल्लभ नगर स्थित श्रीजी होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। होस्टल के कर्मचारियों और छात्रों ने बताया कि दोपहर में जब उसका रूममेट कॉलेज से वापस लौटा तो उसने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शाम 7 बजे तक भी जब कोई हलचल नहीं हुई तो होस्टल वार्डन को सूचना दी गई। इसके बाद अन्य छात्रों की मदद से दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारा। अमन ने इसी साल 21 अगस्त को होस्टल में रूम किराए पर लिया था। इसके पहले वह विष्णुपुरी में रहता था। विष्णुपुरी उसके कॉलेज से दूर पड़ता था, इसलिए उसने कॉलेज के पीछे वल्लभ नगर में अपने सहपाठियों की मदद से होस्टल लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**आटो चालक ने लगाया मौत को गले-**पारिवारिक कारणों के चलते खजराना थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक दीपक पिता किशनलाल मालवीय निवासी मुमताज नगर आटो चलाता था। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को वह आटो लेकर घर लौटा और सीधे अपने कमरे में चला गया। इस दौरान पत्नी घरेलू सामान खरीदने बाजार गई थी। जबकि, दोनों बच्चे बाहर खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब बड़ा बेटा कमरे में गया तो उसने पिता को फंदे से लटका हुआ देखा और परिजनों को सूचना दी। परिवार के अनुसार, दीपक को नशे की लत थी और वह कुछ समय से तनाव में रह रहा था। शुरूआती जांच में डिप्रेशन की बात सामने आई है, हालांकि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# इंदौर की हर्षिता पीएससी में सामान्य वर्ग में टॉपर, बनेंगी डिप्टी कलेक्टर

## देवांशु शिवहरे टॉपर रहे : 8 पुरुष, 5 पद पर महिलाओं का चयन




**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के चलते आयोग ने अभी 87 प्रतिशत पदों की पदवार सूची जारी की। 13 प्रतिशत पद अभी होल्ड पर रखे हैं। सूची में टॉप 4 लड़के हैं, जबकि 5वें नंबर पर महिला अभ्यर्थी हर्षिता दवे हैं।

टॉप 13 में 5 महिलाओं को स्थान मिला है। इस परीक्षा में 13 पद डिप्टी कलेक्टर के थे। इसमें 8 पुरुष और 5 पद पर महिलाओं का चयन हुआ है। इसमें कुल 1685 नंबर की परीक्षा में 953 नंबर पाकर देवांशु शिवहरे परीक्षा के टॉपर रहे हैं। वहीं, सूची में 5वें नंबर पर रहीं हर्षिता दवे 893.75 अंक हासिल करके महिला अनारक्षित श्रेणी में टॉप रही हैं।

एमपीपीएससी की टॉपर लिस्ट में इंदौर की हर्षिता दवे 5वें क्रम में हैं। साथ ही महिला कैटेगरी में टॉप पर हैं। वह महज 22 साल की हैं। हर्षिता ने बीए और एमए किया है। हर्षिता के पिता डॉ. विकास दवे ने बताया कि उनकी बेटी हर दिन 12 से 14 घंटे पढ़ाई करती थी। वे बचपन से ही स्कूल में हर गतिविधि में शामिल होती थी। साथ ही मंच में हमेशा अव्वल आती रही थी।

हर्षिता के पिता साहित्य एकेडमी के डायरेक्टर हैं। वहीं, मां भी एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। हर्षिता का यह दूसरा अटेंप्ट था। इससे पहले 2023 में हर्षिता ने प्री-एग्जाम दी थी। लेकिन इस बार मेंस और इंटरव्यू दोनों दिए और टॉपर लिस्ट में पांचवें नंबर आई। अब वह डेप्यूटी कलेक्टर बनेंगी। उनके चयन से परिवार में खुशी का माहौल है।

**श्योपुर के देवांशु टॉपर रहे-** श्योपुर जिले के निवासी देवांशु शिवहरे ने टॉप स्थान हासिल किया है। यह उनका चौथा प्रयास था। वहीं, सागर जिले के देवरी के रहने वाले ऋषभ अवस्थी दूसरी रैंक पर आए हैं। ऋषभ ने कोरोना काल के दौरान देवरी में रहकर ही पीएससी की तैयारी शुरू की। यह उनका पहला मेंस और इंटरव्यू था। उन्होंने पहली बार में एग्जाम पास कर डेप्यूटी कलेक्टर बनेंगे।




## राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर पीटीसी इंदौर द्वारा नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान

**इन्दौर।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) इंदौर ने शुक्रवार को डेली कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया।

कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में तथा डीजीपी-आईजीपी कांफ्रेंस की अनुशंसा क्रमांक-14 वन पालन के अंतर्गत हुआ।

मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रचना भदौरिया ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाकर उसके भविष्य को अंधकारमय बना देता है।

उन्होंने युवाओं से आत्मनियंत्रण और सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की तथा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सोनल सिसोदिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं।

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शैलजा पटवा, निरीक्षक सूरज नागवंशी, निरीक्षक टीना शुक्ला समेत अन्य अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## दुग्ध उत्पादकों के लिए बड़ी खबर: 2 अक्टूबर से प्रदेश में लगने वाला समृद्धि अभियान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 अक्टूबर से 'दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान'' प्रारंभ किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जायेगा और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जायेगी। अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा।प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास श्री उमाकांत उमराव ने शुक्रवार को मंत्रालय में अभियान की तैयारियों संबंधी बैठक ली। बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये कि अभियान का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। गाँवों में मुनादी पिटवाकर इसकी जानकारी दी जाये।

# जोबट की कांग्रेस विधायक के बेटे पर दर्ज एफआईआर हाई कोर्ट ने निरस्त की

## मामला में राजनीतिक विवाद, पुलिस पर हमले का झूठा आरोप

**इंदौर।** राजनीतिक विवाद के चलते जोबट की कांग्रेस विधायक सेना महेश पटेल के बेटे पुष्पराज पर पुलिस ने 14 जुलाई को केस दर्ज किया था। सेना पटेल ने इसे गलत बताते हुए हाईकोर्ट में एफआईआर निरस्ती का आवेदन लगाया था, जिसे सुनवाई के बाद कोर्ट ने निरस्त कर किया।

जानकारी के मुताबिक, 13 जुलाई की रात बिना नंबर प्लेट वाली कार, जिसे विधायक का बेटा पुष्पराज सिंह चला रहा था। अचानक अनियंत्रित होकर बेरिकेड्स से टकरा गई थी। अगले दिन नाइट ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई और कार की टक्कर से कांस्टेबल घायल हुआ है। इस घटना के आधार पर पुलिस ने पुष्पराज के खिलाफ हत्या की कोशिश के साथ ही धारा 109 और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया था। इस एफआईआर ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया।

हाईकोर्ट ने एफआईआर निरस्ती का फैसला सिर्फ मामूली चोट मेडिकल साक्ष्यों न होना या तकनीकी खामियों के कारण नहीं लिया। सबसे अहम कारण था शिकायतकर्ता पुलिसकर्मी द्वारा बिना



दबाव या धमकी के किया गया स्वैच्छिक समझौता। अदालत ने इसे निरस्ती के लिए निर्णायक मान्यता दी। शिकायतकर्ता पुलिसकर्मी होने के बावजूद मामले को दर्ज करने में देर हुई। चालान प्रस्तुत करते समय अनेक तकनीकी त्रुटियां भी हुई। कोर्ट ने कहा कि आरोप सिद्ध के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं थे। कोई गंभीर चोट या हथियारों का प्रयोग नहीं हुआ। मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। ये कमियां पुष्पराज को गंभीर धाराओं में दोषी ठहराना नहीं बताती। घटना पुलिस विभाग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

विधायक ने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश बताते कहा कि पुलिस अधिकारियों ने झूठे आरोप लगाकर उनके परिवार की छवि खराब करने का प्रयास किया। तत्कालीन एसपी, एडिशनल एसपी, टीआई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी देते हुए कहा कि परिवार बार-बार झूठे मामलों से घिरा रहा, लेकिन सत्य और न्याय की लड़ाई जारी रखेगा।

## समाज को अनुशासित करने में संत-महात्माओं का महती भूमिका : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज को अनुशासित रखने में संत-महात्माओं और मुनियों की अहम भूमिका रही है। उनके उपदेशों और संदेशों से भारतीय संस्कृति आज भी अक्षुण बनी हुई है। मुख्यमंत्री इंदौर में आयोजित जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के 14वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत होगी, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी से इसमें सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उद्योग, निवेश और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ ही गौशालाओं और दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को भी सुदृढ़ किया गया है। समारोह में मुख्यमंत्री ने आचार्य विश्वरत्न सागर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया निरीक्षण, दिए सफाई और विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने झोन क्रमांक 9 सहित शहर के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, स्ट्रॉम वाटर लाइन संधारण और पैच वर्क कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण में परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल, नंदकिशोर पहाड़िया, जोनल अधिकारी कुशवाह और स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी निर्धारित बीट पर समय से पहुंचे ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

रेस कोर्स रोड पर मॉर्निंग वॉकर्स की मांग पर महापौर ने स्ट्रॉम वाटर लाइन संधारण और पैच वर्क शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं, वल्लभनगर और राजकुमार ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी क्षेत्र का निरीक्षण कर उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों की सुविधा हेतु शौचालय के पास शेड निर्माण और कम्युनिटी हॉल की योजना तैयार करने के आदेश भी दिए।

# खून साफ करने के लिए दस आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां



**शारीरिक गतिविधि की कमी, अस्वस्थ भोजन की खराब आदतें, और मांस-उत्पादों को खाने से रक्त और शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण हो सकता है। इसलिए, खून को साफ करना, आपकी इम्यून में सुधार, हृदय रोगों की रोकथाम, आपके स्वास्थ्य में सुधार और कैंसर से लड़ने का एक अच्छा तरीका है। इसके लिए हमारे पुरातन आयुर्वेद में कई तरह की औषधियां उपलब्ध है। आज हम आपको कुछ लोकप्रिय भारतीय जड़ी-बूटियों के बारे में बताएंगे, जो आपके रक्त की सफाई करने के गुणों के लिए जानी जाती हैं।**



**1. रक्त को शुद्ध करने में मदद करे शहद-**शहद खून का उत्पादन, धमनी की दीवारों की सुरक्षा, रक्त के बहाव में सुधार और रक्त को शुद्ध करने में मदद करता है। शहद प्रकृति में एंटी-बैक्टीरियल भी है, इसलिए यह संक्रमण को रोकने का एक बढ़िया तरीका होता है।

**2. खून की सफाई के लिए महत्वपूर्ण है नीम-**नीम में एंटीसेप्टिक, कवक-विरोधी और एंटी-वायरल गुण हैं, जो खून की सफाई के लिए महत्वपूर्ण है। नीम खून के थक्के कम करने में भी मदद करता है और त्वचा की बीमारियों, शरीर के अल्सर, गठिया और दन्त-रोगों का इलाज करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

**3. रक्त में विषाक्त पदार्थों को साफ करे गुडूची-**गुडूची एक डेटोक्सिफियंग एजेंट युक्त जड़ी बूटी है, जो रक्त को शुद्ध करती है। जो लोग अधिक धूम्रपान करते हैं और शराब पीते हैं, उनके लिए यह जड़ी बूटी फायदेमंद है, क्योंकि इससे रक्त में निर्मित विषाक्त पदार्थों को साफ़ करने में मदद मिलती है।

**4. रक्त की गुणवत्ता में सुधार करे आंवला-**आंवला लोहे के एकीकरण से रक्त की गुणवत्ता में सुधार करता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ़ करता है। आंवला भी हृदय रोग में लाभदायक है, क्योंकि यह खून का पोषण करता है और रक्त परिसंचरण में सुधार करता है और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली या इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। यह लिवर और पैंक्रियास के कार्य को बेहतर बनाता है और आंवले के अलावा इस पौधे की पत्तियां, बीज, छाल और जड़ों के कई अन्य गुण भी होते हैं। आंवला के फायदे – पेट के रोग कर देता है ख़त्म।

**5. खून साफ करने के लिए लाभदायक धतुरे की जड़-**धतुरे की जड़ शरीर के लिए हानिकारक, एसिड को बाहर निकालने से, खून को साफ करती है। यह किडनी की, रक्त शुद्ध करने में, मदद करती है और पिट्यूटरी ग्रंथि से प्रोटीन रिलीज करके, हार्मोन की संतुलित करने में मदद करती है।

**6. रक्त की सफाई के लिए गुणकारी है लहसुन-**लहसुन प्राकृतिक रूप से रक्त की सफाई करता है, जिससे कई समस्याओं जैसे, जैसे कि सर्दी, खांसी, गले में खराश, पाचन समस्याओं, श्वसन संक्रमण, सौंदर्य और त्वचा से संबंधित समस्याओं जैसे मुंहासे, फफूंद संक्रमण और एक्जिमा आदि का इलाज किया जा सकता है। इसमें फाइटोकेमिकल्स शामिल होते हैं, जो लिवर विषाक्तता में बहुत सहायक हैं। लहसुन रक्त से वसा को हटाता है, और रक्तचाप को सामान्य करता है और कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम करता है।

**7. रक्त के शुद्धिकरण में मदद करे अमर बेल-**इसे फूल की तरह खाएं, जोकि एक लाभदायक जड़ी बूटी भी मणि जाती है, क्योंकि यह रक्त के शुद्धिकरण में मदद करती है। अमर बेल लिवर और किडनी स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद करती है।

**8. खून की बीमारियों को दूर करे करेला-**करेले में खून को साफ़ करने के गुण होते है। यह कई स्वास्थ्य लाभ जैसे, कैंसर, बवासीर, मधुमेह, वजन घटाने, उच्च कोलेस्ट्रॉल, त्वचा रोग आदि को कम कर देता है। इससे आपकी प्रतिरक्षा शक्ति में सुधार होता है, और यह रक्त को शुद्ध करके त्वचा के संक्रमण, एक्जिमा और छालरोग को ठीक करता है। करेले के रस को खून की बीमारियों, जैसे रक्तयुक्त फोड़ा और खुजली, सेप्टेक्सीमिया के कारण जलन का इलाज करने के लिए भी पिया जाता है।

**9. रक्त को साफ करे शहतूत-**आयुर्वेद का मानना है कि शहतूत रक्त को साफ करता है और खून का उत्पादन भी बढ़ाता है। शहतूत कार्डियोवास्कुलर सिस्टम की भी रक्षा करते हैं और लिवर को भी हानिकारक अशुद्धियों से साफ़ करते हैं।

**10. रक्त को शुद्ध करे तुलसी-**तुलसी में शरीर से हानिकारक विष सामग्रियों को निकालने के लिए आपके रक्त को शुद्ध करने की बहुत अच्छी शक्ति है। तुलसी मलेरिया, पीलिया, ठंड और खांसी, अम्लता, हेपेटाइटिस, बुखार, एक्जिमा, दाद, मधुमेह और फंगल संक्रमणों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में रक्त के प्रवाह को सामान्य बनाती है। तुलसी को नियमित खाने से रक्त में सफ़ेद रक्त कोशिकाएं और आरबीसी बढ़ जाती है और यह रक्त के थक्के को भी हटा देती है।

# अस्थमा, ब्लड प्रेशर ठीक रखते हैं योगासन



## -अस्थमा, ब्लडप्रेशर और शुगर के लिए योग।

## -योग से पाएं सभी गंभीर बीमारियों से छुटकारा।

## -योग स्वस्थ रहने का एक ऐसा सरल तरीका है।



अगर योग को जीवनशैली में शामिल कर लिया जाए तो कई तरह की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। अक्सर लोग सेहत और फिटनेस की देखभाल पर बहुत ज्यादा खर्च करते हैं पर इससे उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं होता। योग स्वस्थ रहने का एक ऐसा सरल तरीका है, जिसे अपना कर आप ताउम्र कई गंभीर बीमारियों से बचे रह सकते हैं। आइए जानते हैं कि योगाभ्यास के माध्यम से किन समस्याओं को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है।

**हाई ब्लड प्रेशर-**यह धारणा भ्रामक है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ों को योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। ऐसे लोगों के लिए चंद्रभेदी प्राणायाम बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसके नियमित अभ्यास से हाई बीपी को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

**कैसे करें चंद्रभेदी प्राणायाम :** इसके लिए सुखासन में बैठकर दायें हाथ के अंगूठे से दायीं नासिका छिद्र को बंद करें और बायीं नासिका छिद्र से सांस लें और दायीं नासिका छिद्र से बाहर निकालें। इस दौरान आंखें बंद रखें और सारा ध्यान आती-जाती सांसों पर होना चाहिए। इसे करते हुए मन में शांति और सांसों की गति के प्रति एकाग्रता बहुत ज़रूरी है। तभी आपको इसका पूरा लाभ मिलेगा। शुरुआत में आप इसे 5 बार कर सकते हैं, बाद में अभ्यास के साथ धीरे-धीरे इसकी आवृत्ति बढ़ाते जाएं। इससे उच्च रक्तचाप को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है और यह क्रिया हृदय रोग से भी बचाव करती है।

**अस्थमा-**आजकल बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों में अस्थमा की समस्या बहुत तेज़ी से बढ़ रही है और हर आयु वर्ग के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भस्त्रिका प्राणायाम बहुत फायदेमंद होती है।

**कैसे करें भस्त्रिका प्राणायाम :** यह क्रिया बहुत धीमी गति से करनी चाहिए। लंबी गहरी सांस फेफड़ों में भरें और उसे धीमी गति से वापस छोड़ें। इसकी शुरुआत एक-दो मिनट से करें और जब सहज अभ्यास हो जाए तो इसे पांच मिनट तक ले जाएं। ध्यान रहे, जब थकान महसूस हो तो बीच में रुक जाएं।

# पीएम मोदी और धनखड़ की मौजूदगी में सीपी राधाकृष्णन ने संभाला उपराष्ट्रपति का पदभार, नई पारी शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। यह समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया, जहाँ राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कैबिनेट मंत्रियों व विपक्षी नेताओं सहित कई अन्य शीर्ष राजनीतिक नेता इस समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद धनखड़ पहली बार सार्वजनिक रूप से इस समारोह में शामिल हुए।

इससे पहले 9 सितंबर को, एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए थे। उन्हें 452 वोट मिले थे, जबकि विपक्षी उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले थे। तत्कालीन निवर्तमान



राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से गहरी जड़ें रखने वाले तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने 452 वोट हासिल करके उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता। उनके प्रतिद्वंद्वी, विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के संख्यात्मक बल को देखते हुए, राधाकृष्णन की जीत अपेक्षित थी। एनडीए के पास कागजों पर 427 सांसद थे और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 11 सांसदों और कई छोटे दलों का अतिरिक्त समर्थन प्राप्त था, जिससे वह 377 के आधे से भी अधिक बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर गया था। उनके पक्ष में क्रॉस-वोटिंग के संकेत भी मिले थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था।अपनी जीत के बाद, राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने नई नियुक्ति होने तक गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कोयंबटूर से दो बार सांसद और तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्णन का दशकों लंबा करियर जनसंघ से शुरू हुआ और फिर भाजपा में शामिल हो गए।

# भारत नेपाल की शांति के लिए प्रतिबद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत नेपाल के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी नई नेपाली समकक्ष सुशीला कार्की को शुभकामनाएं भी दीं। भारत सरकार ने इससे पहले नेपाल में पूर्व मुख्य न्यायाधीश कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन का स्वागत किया था और आशा व्यक्त की थी कि इससे पड़ोसी देश में शांति और स्थिरता आएगी। भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। उन्हें छात्र समूहों द्वारा चुने जाने के बाद राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई, जिनके विरोध प्रदर्शनों के कारण इस हफ़्ते पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफ़ा देना पड़ा था।



राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 73 वर्षीय कार्की को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नयी कार्यवाहक सरकार को छह महीने के भीतर नए संसदीय चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है। नयी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के प्रधान न्यायाधीश, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सुरक्षा प्रमुख और राजनयिक समुदाय के सदस्य शामिल हुए। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। सूत्रों ने बताया कि अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में कार्की विभिन्न हितधारकों के बीच बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सिफारिश कर सकती हैं।

राष्ट्रपति पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने का फैसला करने से पहले प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक संस्थाओं के सम्मानित व्यक्तियों से भी अलग-अलग विचार-विमर्श किया। वर्ष 1997 से लेकर 2012 तक के बीच जन्में युवाओं को आम तौर पर 'जेन जेड' पीढ़ी के नाम से जाना जाता है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में भ्रष्टाचार पर अंकुश, पक्षपात को समाप्त करना और सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध हटाना शामिल था। इससे पहले शुक्रवार को नेपाल की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे और ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के अध्यक्ष नारायण दाहाल ने आह्वान किया कि मौजूदा राजनीतिक गतिरोध को संविधान के दायरे में रह कर सुलझाया जाना चाहिए।

# प्रियंका ने वायनाड में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की, नए उपराष्ट्रपति को बधाई दी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सी.पी. राधाकृष्णन के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर उन्हें बधाई दी। राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं।''प्रियंका गांधी अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड पहुंची जहां उन्होंने एक लंबित सड़क परियोजना का भी निरीक्षण किया ताकि मंजूरी संबंधी मुद्दों सहित देरी के कारणों को समझा जा सके।पूझीथोडे-पडिंजरथरा सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के बाद उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और अधिकारी मंजूरी के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से संपर्क करने की तैयारी कर रहे हैं।उन्होंने कहा, ''मैं खुद देखना चाहती थी कि सड़क अभी कहां है, प्रगति क्या है, और क्या मुद्दे और आपत्तियां हैं। मैं अच्छी तरह अवगत हो गई हूं।'' प्रियंका गांधी ने प्रस्तावित मेप्पाडी सुरंग सड़क के बारे में कहा कि यह इसकी तत्काल आवश्यकता है क्योंकि लोग वास्तव में परेशान हैं।उनका कहना था, ''लोगों की ज़रूरतों को पूरा करते हुए, पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर भी विचार करना होगा। एक संतुलन बनाना होगा। लोगों के लिए चिकित्सा और अन्य सुविधाओं तक पहुंचना बेहद ज़रूरी है, जिन तक वे आज भी नहीं पहुंच पा रहे हैं।



# एआई कृषि में क्रांति लाएगा, किसानों की स्थिति बेहतर बनाएगा: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनका मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ ही किसानों की स्थिति सुधारने में मदद भी करेगा।गडकरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''बारामती के कृषि विज्ञान केंद्र जरूर जाएं और वहां अपनाई जा रही नवीनतम तकनीकों को देखें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निश्चित रूप से किसानों के लिए मददगार साबित होगी। मेरा मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कृषि क्षेत्र में क्रांति लाएगी।''केंद्रीय मंत्री ने इथनॉल उत्पादन के बारे में कहा कि देश में 350-400 कारखाने इथेनॉल का उत्पादन करते हैं और किसानों को इससे काफी लाभ हुआ है। गडकरी ने कहा, ''मक्के से बने इथनॉल से किसानों को 45,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। पहले मक्के का भाव 1,200 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्के की खेती का रकबा तीन गुना बढ़ गया है। जो लोग इसका विरोध करना चाहते हैं, मैं उनकी परवाह नहीं करूंगा।



# भारत की बढ़ती ताकत से घबराकर लगाए गए टैरिफ- मोहन भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत पर टैरिफ उसकी वृद्धि के 'डर' के कारण लगाए गए हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि वैश्विक शक्तियाँ भारत की बढ़ती ताकत को लेकर चिंतित हैं। आरएसएस प्रमुख ने यह बात नागपुर में ब्रह्मकुमारी विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस समारोह में कही, जहाँ उन्होंने विश्व में भारत की भूमिका और सामूहिक चिंतन की आवश्यकता पर बात की।



भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि लोगों को डर है कि अगर कोई और बड़ा हो गया तो उनका क्या होगा। अगर भारत बड़ा हो गया तो वे कहाँ रहेंगे? इसलिए, उन्होंने टैरिफ लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैरिफ लगाना भारत की गलती नहीं थी, बल्कि वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती स्थिति के डर के कारण था। हमने कुछ नहीं किया; वे उसी को खुश कर रहे हैं जिसने यह सब किया, क्योंकि अगर यह उनके पास है, तो वे भारत पर थोड़ा दबाव डाल सकते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस तरह के कदम आत्मकेंद्रित मानसिकता का परिणाम हैं।भागवत ने स्पष्ट किया कि यह सब 'मैं और मेरा' के खेल में होता है। जब वे समझ जाते हैं कि 'मैं और मेरा' वास्तव में 'हम और हमारा' है, तो सभी मुद्दे समाप्त हो जाते हैं।

आज, दुनिया को एक समाधान की आवश्यकता है। यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बीच आई है, जिसमें भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी शामिल है।रूस से तेल आयात पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के अमेरिका के कदम को अनुचित, अनुचित और अविवेकपूर्ण करार देते हुए, विदेश मंत्रालय (MEA) ने घोषणा की थी कि नई दिल्ली 'अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)